Case Study

1. नीचे दिए गए केस स्टडी को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए ।

पैर की बदौलत क्या एवरेस्ट की चढ़ाई संभव है ! मगर इस साहस की मिसाल बनी है माउंटेनियर अरुणिमा सिन्हा । उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में रहने वाली अरुणिमा राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल खिलाड़ी थी लेकिन एक घटना ने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल कर रख दिया । एक बार वह ट्रेन से दिल्ली जा रही थी । उसी दौरान कुछ बदमाशों ने उनको चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया । इस हादसे में अरुणिमा को अपना एक पैर खोना पड़ा । लोग उसके पैरों को देखकर सहानुभूति जताते थे, जो अरुणिमा को अच्छी नहीं लगती थी । तभी उन्होंने ठान लिया था कि कोई ऐसा काम करके दिखाएंगे कि लोग दंग रह जाऐं । जब उन्होंने एवरेस्ट की चढ़ाई करने की बात की तो सभी ने उनका विरोध किया पर अरुणिमा अपने फैसले पर डटी रही । वे बछेंद्री पाल से मिली और तमाम कठिनाइयों के बाद भी अपनी ट्रेनिंग पूरी की । अपने साहस, हौसले और लक्ष्य तक पहुंचने के दृढ़निश्चय ने उन्हें एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचा ही दिया । इंसान कदमों से नहीं अपने हौसलों से सफर पूरा करता है ।

क) नकली पैर की बदौलत एवरेस्ट की चढ़ाई करना संभव है क्योंकि -

A) ऐसा करना उन्हें अच्छा लगता है ।
B) नकली पैर से ऐसा करना असंभव है ।
C) अपने दृढ़ निश्चय के दम पर ऐसा करना संभव है ।
D) अपना नाम प्रसिद्ध करने के लिए ।

ख) एवरेस्ट की चढ़ाई करने की बात पर सभी अरुणिमा को मना कर रहे थे क्योंकि -

A) सभी को उसकी हालत पर दुख हो रहा था।
B) सभी चाहते थे कि वह एक खिलाड़ी बने ।
C) सभी को उसकी हालत पर हंसी आ रही थी ।
D) सभी अरुणिमा को एक अच्छा इंसान बनाना चाहते थे ।

ग) अरुणिमा कहां की रहने वाली थी ?

A) मध्य प्रदेश
B) हिमाचल प्रदेश
C) उत्तर प्रदेश
D) आंध्र प्रदेश

घ) अरुणिमा को अपने पैर खोने पड़े क्योंकि

A) वह चलती ट्रेन में चढ़ी थी ।
B) उसे ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया था ।
C) उसका ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसल गया था ।
D) इनमें से कोई भी विकल्प सही नहीं है ।

ङ) अरुणिमा बचेंद्री पाल से क्यों मिली थी ?

A) क्योंकि बचेंद्री पाल उनकी सहेली थी ।
B) क्योंकि बचेंद्री पाल से वह कुछ जानना चाहती थी ।
C) क्योंकि बचेंद्री पाल उनकी बड़ी बहन थी ।
D) क्योंकि बछेंद्री पाल को पर्वतों के बारे में बहुत ज्ञान था ।